# डॉ॰ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

(पूर्ववर्तीः आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

(Accredited Grade A+ by NAAC)

पत्रांकः **COE / 616 /2025** दिनांकः **12-06-2025**

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय,
डॉ0 भीमराव आबेडकर विश्वविद्यालय,
आगरा।

महोदय/महोदया,

आपको अवगत कराना है कि बी0एड प्रथम वर्ष (बैच 2024–2026), द्वितीय वर्ष (बैच 2023–2025) की प्रयोगात्मक/इंटर्नशिप II की परीक्षा निर्धारित तिथियों में महाविद्यालयों पर आयोजित होगी, जिसकी सूचना विश्वविद्यालय की बेवसाइट एवं महाविद्यालयों के लॉगिन में अपलोड कर दी गयी है। निर्धारित तिथि पर होने वाली प्रयोगात्मक/इंटर्नशिप–II की परीक्षा के लिये नामित परीक्षक परीक्षा की तिथि से एक दिन पहले आपके लॉगिन पर अपलोड कर दिये जाएंगे। नामित परीक्षकों को महाविद्यालयों द्वारा सम्पर्क कर निर्धारित तिथि पर परीक्षा सम्पन्न करानी होगी। निर्धारित तिथि उपरान्त लॉगिन बन्द हो जायेगा। जिन महाविद्यालयों में छात्र/छात्राओं की संख्या 20 से कम है। उनकी प्रयोगात्मक/इंटर्नशिप–II नोडल केन्द्र पर होगी। नोडल केन्द्रों पर जनपदवार महाविद्यालयों की सूची लॉगिन में अपलोड कर दी गयी है। महाविद्यालय निर्धारित तिथि से पूर्व नोडल केन्द्र पर सम्पर्क कर परीक्षा सम्पन्न करानी होगी। परीक्षा की तिथि अपरवतर्नीय है। निर्धारित तिथि पर महाविद्यालयों में आयोजित प्रयोगात्मक/इंटर्नशिप-II की परीक्षा विश्वविद्यालय द्वारा नामित परीक्षकों के साथ छात्र/छात्राओं की **Geo-Teg** फोटो अंको से पूर्व अपलोड करानी होगी। उसके उपरान्त नामित परीक्षकों पर **OTP** जायेगा। प्रयोगात्मक परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक परीक्षकों द्वारा दिये जाने की स्थिति में परीक्षार्थियों के परीक्षा सम्बन्धी अभिलेखों को सम्बन्धित महाविद्यालय द्वारा सुरक्षित रखा जायेगा। आवश्यकतानुसार विश्वविद्यालय द्वारा मांगा जा सकता है। महाविद्यालय द्वारा अपलोड किये गये अंको की हार्डकॉपी व उपस्थिति पत्रक परीक्षा समाप्ति के दो कार्य दिवसों के अन्दर विश्वविद्यालय में जमा कराना अनिवार्य होगा।

उक्त से सम्बन्धित जानकारी/किसी भी समस्या के समाधान हेतु समन्वयक, प्रयोगात्मक परीक्षा, प्रो0 अनिल गुप्ता, खन्दारी परिसर से सम्पर्क किया जा सकता है।

सधन्यवाद

परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. समन्वयक, प्रयोगात्मक परीक्षा।
2. उपकुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)।
3. प्रभारी कुलपति सचिवालय को माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
4. अधीक्षक, कुलसचिव कार्यालय।
5. एजेन्सी 2024 को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को सम्बन्धित महाविद्यालयों की लॉगिन आई0डी0 पर आज ही अपलोड करते हुए उपरोक्तानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।
6. गार्ड फाइल।
7. विश्वविद्यालय मीडिया प्रभारी को इस आशय से प्रेषित कि दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ।

परीक्षा नियंत्रक